भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *259.

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

मदनपुर से पनियहवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण

259. श्री सुनील कुमारः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-727 (जिसे पहले राष्ट्रीय राजमार्ग-28बी के नाम से जाना जाता था) के मदनपुर से पनियहवा तक के खंड का निर्माण पर्यावरण संबंधी मंजूरी न मिलने के कारण वर्षों से बाधित है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूरा करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त सड़क का निर्माण निकट भविष्य में पूरा होने की संभावना है, और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का वन भूमि के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड या वैकल्पिक मार्ग बनाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

विवरण

"मदनपुर से पनियहवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण" के संबंध में **श्री सुनील कुमार** द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2024 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *259 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (घ) राज्य वन विभाग ने वाल्मीकि वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व से गुजरने वाले रारा-727 पर मदनपुर से पनियहवा तक निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दी है। सरकार ने वाल्मीकि वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व के सीमा क्षेत्र में रारा-727 पर एसएसबी कैंप (औसानी गांव) के पास किमी 95.2 से उत्तर प्रदेश सीमा के पास तक नए 2 लेन संरेखण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए परामर्शी फर्म को नियुक्त किया। डीपीआर परामर्शदाता द्वारा प्रस्तावित विभिन्न संरेखणों के सापेक्ष गुण/दोष के आधार पर और बिहार राज्य सरकार के परामर्श से सरकार ने वाल्मीकि वन्यजीव अभयारण्य और टाइगर रिजर्व के बाहर लगभग 19 किलोमीटर लंबाई के संरेखण को अनुमोदित किया है। यह अनुमोदित संरेखण रारा-727 के किमी 83 से शुरू होता है, बगहा-1 के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके की ओर जाता है, बगहा-1 और बगहा-2 के बीच किमी 89 पर मौजूदा रारा-727 को पार करता है, फिर स्वीकृत संरेखण गंडक नदी को पार करता है, बिहार में नैनाहा, तुरखी गांवों के उत्तर और नरकहवा गांव के दक्षिण से गुज़रता है और उसके बाद बिहार/उत्तर प्रदेश की सीमा को पार करता है तथा उत्तर प्रदेश में बेलवानिया और डोमन पट्टी गांवों के बीच रारा-727 के किमी 122 पर समाप्त होता है।

****